हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम तोषगांव में बसना पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिलीप ओगरे पिता शिवकुमार ओगरे (32 साल) तोषगांव के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमत 3000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर पैदल जा रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 30 से 35 वर्ष 26 फरवरी को पैदल तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर जा रहा था। रात करीब 10 बजे अमावस तिराहा के पहले एनएच 53 रोड तुमगांव पहुंचने पर पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक द्वारा पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में अज्ञात के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

### पति पर मारपीट का आरोप

**महासमुंद।** पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एक महिला ने बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कराया है। मामला करीब 11 महीने पहले का है। पुलिस को ललिता जैन पति जिनेश जैन (43 साल) ने बताया कि वर्तमान में वह नंदनी खुंदनी जिला दूर्ग छत्ती सढ़ में रहती है। वह अपने पति के साथ 01/04/2025 तक रहती थी। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि उसके पति रोज मारपीट और गाली गलौज कर मारपीट करते रहते थे। फिर किसी बात पर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से मुझे मारा। जब उससे जान बचाकर भागी, तो आरोपी ने फोन को छीन लिया। घटना के 4-5 दिन बाद इसकी जानकारी उसने अपने भाईयों को दी और बागबाहरा थाना मे आवेदन दिया। इस पर थाना बागबाहरा द्वारा काउंसिलिंग के लिए पारिवारिक परामर्श केंद्र भेजा गया था, लेकिन आपराधिक मामला होने से उसने काउंसिलिंग से इनकार किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ बागबाहरा थाने में धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### चाय दुकान में मारपीट

**महासमुंद।** चाय दुकान में शराब पीने से मना करने पर मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को यशवंत सोनी ने बताया कि 28 फरवरी की रात उसका भांजा देवा चाय दुकान में बैठा था। लगभग 11 बजे देवा ने उसे फोन कर बताया कि दुकान में तीन लोग आयुश ठाकुर, अक्षय, प्रयांश एवं अक्षय आये और वहां शराब पीना चाह रहे थे, जिन्हें उसने मना किया। इस पर उन लोगों ने आवेश में आकर गाली गलौज कर मारपीट की।

# स्थानीय परीक्षाओं की तारीख तीसरी बार बदली, अब शुरु होगी 25 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्थानीय कक्षाओं 9वीं और 11वीं सहित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी में एक बार फिर बदलाव किया है। अब ये परीक्षाएं 25 मार्च से शुरू होकर 10 अप्रैल के बीच संपन्न होंगी। जिले में शिक्षा विभाग ने इस संबंध में तैयारियां तेज कर दी हैं।

गौरतलब है कि यह तीसरी बार है जब परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया गया है, जिससे छात्र और अभिभावक असमंजस की स्थिति में थे। सूत्रों और विभागीय जानकारी के अनुसार, परीक्षा की तारीखों में बदलाव का मुख्य कारण बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से चल रही हैं, जो 18 मार्च को समाप्त होंगी। बोर्ड परीक्षाएं खत्म होते ही शिक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन (चेकिंग) के काम में लगा दिया जाता है। चूंकि सरकारी स्कूलों के शिक्षक ही मूल्यांकनकर्ता होते हैं, इसलिए एक ही समय पर स्थानीय परीक्षाएं कराना और कॉपियां जांचना संभव नहीं था। शिक्षकों की कमी और कार्य की अधिकता को देखते हुए अब स्थानीय परीक्षाएं 25 मार्च से निर्धारित की गई हैं।

## बार-बार तिथि परिवर्तन से 9वीं और 11वीं के छात्र असमंजस में

### 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16-17 मार्च से

स्थानीय परीक्षाओं के साथ-साथ जिले में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन भी शिक्षा विभाग ही करेगा। सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूल, इनके लिए 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा अनिवार्य है, जो 16-17 मार्च से शुरू होंगी। निजी स्कूलों में केवल 5वीं और 8वीं की परीक्षा जिला शिक्षा विभाग द्वारा ली जाएगी। सीबीएसई और आईसीएसई पाठ्यक्रम वाले निजी स्कूलों को इस बोर्ड परीक्षा से छूट दी गई है।




### बार-बार बदलाव से अभिभावक और बच्चे परेशान

जिले के कई स्कूलों में पहले परीक्षा की तारीख 25 मार्च बताई गई थी, जिसे बाद में घटाकर 5 मार्च कर दिया गया था। अब दोबारा आदेश आने के बाद इसे 25 मार्च किया गया है। तारीखों के इस फेरबदल के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई का तालमेल बिगड़ रहा है। पालकों का कहना है कि बार-बार तारीख बदलने से बच्चों की तैयारी और मानसिक स्थिति पर असर पड़ता है। हालांकि, शिक्षा विभाग का दावा है कि अब तय की गई यह तारीख अंतिम है और इसमें आगे कोई बदलाव नहीं होगा।

### कार्रवाई : नशीले पदार्थ की अवैध तस्करी, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# ट्रक में मिला एक करोड़ 37 लाख का 275 किलो गांजा, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नशीले पदार्थ की अवैध रूप से की जा रही तस्करी पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बसना पुलिस ने पलसापाली बेरियर में एक ट्रक से एक करोड़ 37 लाख रुपए का करीब 275 किलो गांजा बरामद किया है। मामले मे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

बसना पुलिस ने बताया पलसापाली बेरियर में चेकिंग के दौरान वाहन अशोक लीलैंड बड़ा दोस्त क्रमांक एमपी15 जेडएल 4455 वहां पहुंचा। इस दौरान पुलिस ने वाहन को रोककर पूछताछ की। संदेही का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पता रोशन यादव पिता द्वारिका यादव (22 साल) घोरट थाना बांदरी जिला सागर मध्य प्रदेश होना बताया। वाहन की चेकिंग के दौरान उसमे नीला रंग के तिरपाल में ढंका में पुरानी इस्तेमाली घरेलू सामान लकड़ी का पाटा, गद्दा, कूलर, बोरियों में पुराने बर्तन, पुराने पुस्तक-कापी, एक पुरानी इस्तेमाली मोटर सायकल होंडा के साथ अन्य सामान के नीचे में छुपाकर 9 बोरियों में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ था।



पुलिस ने संदेही के कब्जे से बरामद आठ हरा रंग की बोरी प्रत्येक में 16 पैकेट एवं एक भूरा रंग की बोरी में 09 पैकेटों का होना पाया गया आरोपी ने बताया कि बिलासपुर के रहने वाले जयवीर वासुदेव के कहने पर वाहन को वह रायपुर में दिवाना सेठ देगा। उसने बताया कि वाहन में लोड पुरानी इस्तेमाली घरेलू सामान को लेकर भवानी पटना ओडिशा में भोलू नाम का व्यक्ति से मिलने कहा गया जो उक्त वाहन में उसी घरेलू सामान के नीचे गांजा लोड करके देगा, जिसे लेकर बिलासपुर आना कहा गया था। पुलिस ने वाहन से कुल 2 क्विंटल 74.900 किलोग्राम गांजा कीमत 1, 37, 00000 रुपए, ट्रक कीमत 7, 00, 000 रुपए एक मोबाइल, नगदी रकम 1, 120 रुपए कुल 1, 44, 12, 120 रुपए का सामान बरामद किया।

# बिना सीमांकन खेत में अवैध तोड़फोड़ और फसल बर्बादी का लगाया आरोप

### मनरेगा मजदूर बना रहे दीवार, पीड़ित ने मांगी न्याय




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में एक किसान की निजी भूमि पर बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के तोड़फोड़ करने और फसल को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पोखन लाल चंद्राकर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से राजस्व विभाग और ग्राम पंचायत पर मिलीभगत और मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

प्रार्थी के अनुसार, उनकी निजी स्वामित्व वाली भूमि खसरा नंबर 1661, 1662 और 2461 पर स्थित पक्की दीवार को ग्राम पंचायत ने बिना किसी पूर्व सीमांकन के ढहा दिया। इस कार्रवाई में किसान की लगी सब्जी और सरसों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई, जिससे उन्हें करीब पांच लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि राजस्व विभाग की अनुपस्थिति और बिना किसी लिखित आदेश के यह अवैध कार्रवाई की गई। प्रेस वार्ता में पोखन ने बताया कि बताया गया कि तहसीलदार को कार्रवाई से 22 दिन पहले ही आवेदन देकर स्थगन की मांग की गई थी। लेकिन, प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। मौके पर मौजूद पटवारी और राजस्व अधिकारियों ने भी जमीन की नपती करने से इनकार कर दिया और जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते रहे। प्रार्थी का कहना है कि जिस दिन पंचायत ने अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित किया, उसी दिन नोटिस जारी कर कार्रवाई कर दी गई, जो पूरी तरह असंवैधानिक है।

### उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने बिलासपुर उच्च न्यायालय की शरण ली। प्रार्थी का आरोप है कि कोर्ट में चल रहे केस के बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा उनकी निजी भूमि पर मनरेगा के मजदूरों के माध्यम से जबरन दीवार निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जो सीधे तौर पर उच्च न्यायालय की अवमानना है।

### न्याय की गुहार

प्रार्थी ने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और पुलिस अधीक्षक को दस्तावेजी सबूतों के साथ शिकायत सौंपी है। उन्होंने मांग की है कि 2 मार्च तक यदि विभाग अपनी गलती सुधारते हुए निर्माण कार्य नहीं रोकता है, तो वे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। पीड़ित ने प्रशासन से स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखने और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।



### होली से पहले रास नाच की धूम पारंपरिक धुन पर थिरकीं बालिकाएं

**महासमुंद।** नगर में होली के त्योहार की आहट के साथ ही पारंपरिक रहास नाच की रौनक दिखाई देने लगी है। पर्व के आगमन से पहले ही शहर की गलियों और मुख्य मार्गों पर उत्साह का माहौल है। यहां बालिकाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा धारण कर टोलियों में नृत्य करती नजर आ रही हैं। नगर के विभिन्न वार्डों में बालिकाओं द्वारा सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखने का एक प्रयास भी है। रहास नाच के माध्यम से बालिकाएं भक्ति और खुशी का संदेश फैला रही हैं।


# सिरको में बिजली कटौती से किसान परेशान, विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

क्षेत्र के सिरको फीडर अंतर्गत गांवों में इन दिनों अघोषित और अनियमित बिजली कटौती से किसान भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि बिजली विभाग द्वारा निर्धारित 6 घंटे की कटौती की जानकारी दी जाती है, लेकिन वास्तविकता में समय सीमा से अधिक बिजली बंद रखी जा रही है, जिससे सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार रविवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक मोटर कनेक्शन और घरेलू कनेक्शन दोनों बंद रहे। मौके पर जब इस संवाददाता ने स्थिति की जानकारी लेने का प्रयास किया तो विभागीय अधिकारियों को ही यह जानकारी नहीं थी कि संबंधित फीडर बंद है। इससे विभागीय समन्वय और मॉनिटरिंग व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

बताया जा रहा है कि सलहेतराई गांव में परमिट लिया गया था, लेकिन उसका असर सिरको फीडर पर पड़ा और 3 से 4 घंटे तक बिजली बंद रही। जब ग्रामीणों ने पूछताछ की तो बताया गया कि अब बिजली सीधे दोपहर 2 बजे आएगी। इस तरह कुल मिलाकर करीब 5 घंटे की अतिरिक्त कटौती हुई। किसानों का कहना है कि धान की फसल इस समय ट्यूबवेल के भरोसे है और लगातार बिजली बाधित होने से खेतों की जमीन फटने लगी है। किसानों ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर सुबह 7 से 9 बजे तथा दोपहर 12 से 3 बजे तक घरेलू कनेक्शन में भी भारी कटौती की जा रही है। इससे आम उपभोक्ता भी परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी बेखबर हैं, लाइनमैन को सही जानकारी नहीं है और बिजली व्यवस्था पूरी तरह अधर में लटकी हुई है। सिरको के किसानों और उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे सांकरा स्थित बिजली कार्यालय का घेराव करेंगे। फिलहाल, क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और किसान नियमित बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे हैं।



### होली की तिथि को लेकर असमंजस, बाजार में सज गई रंग गुलाल की दुकानें

# होली पर्व, चंद्र ग्रहण के साये में फीकी पड़ी नगाड़ों की थाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रंगों का त्योहार होली अब करीब है, लेकिन इस बार जिला मुख्यालय के बाजारों में वह रौनक नजर नहीं आ रही है जो अमूमन इस दौरान होती थी। शहर के मुख्य मार्गों जैसे स्टेशन रोड, नेहरू चौक और गांधी चौक पर रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें तो सज गई हैं। लेकिन, ग्राहकों की भीड़ फिलहाल कम है। इस सुस्ती का मुख्य कारण होली की सही तिथि को लेकर बना हुआ भ्रम है। जिले के लोग इस बात को लेकर उलझन में हैं कि होलिका दहन और रंगोत्सव किस दिन मनाया जाए।

नगर पुरोहित पंकज तिवारी ने बताया है कि 2 मार्च को रात 1.30 बजे से 2.30 बजे तक होलिका दहन होगा और 3 मार्च को चंद्र ग्रहण रहेगा जिसमें सुबह 9.6 बजे सूतक काल की शुरुआत होनी है जो शाम 6.47 को समाप्त होनी जिस कारण 4 मार्च को रंग खेला जाएगा। वहीं, एक वर्ग 3 मार्च को दहन और 4 मार्च को रंगोत्सव मनाने की तैयारी में है। इस वैचारिक मतभेद के कारण लोग खरीदारी के लिए बाहर निकलने में देरी कर रहे हैं। इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण का विशेष संयोग बन रहा है, जिससे धार्मिक चर्चाएं तेज हैं। 3 मार्च पूर्णिमा के दिन सुबह 9:06 बजे सूतक लग जाएगा। शाम 6:07 बजे ग्रहण का स्पर्श होगा। शाम 6:47 बजे ग्रहण समाप्त (मोक्ष) होगा। इसी गणना के आधार पर कुछ विद्वानों का कहना है कि 2 मार्च की रात 1:30 से 2:30 बजे के बीच होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत होगा, ताकि ग्रहण के सूतक से बचा जा सके। ग्रहण के कारण मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे और श्रद्धालु स्नान-दान के बाद ही पूजा करेंगे।



### रंग महंगे, पिचकारी सस्ती

नगर के स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, इस साल बाजार का गणित थोड़ा बदला हुआ है। बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहने वाली पिचकारियों और फुग्गों के दाम पिछले साल के मुकाबले कुछ कम हुए हैं। इसके उलट, गुलाल और पक्के रंगों की कीमतों में वृद्धि हुई है। थोक व्यापारियों ने शहर के साथ-साथ बागबाहरा, सरायपाली और बसना जैसे ग्रामीण इलाकों में भी स्टॉक भेज दिया है। व्यापारियों को उम्मीद है कि तिथि का भ्रम दूर होते ही आखिरी दो-तीन दिनों में बिक्री में भारी उछाल आएगा।

### लुप्त होती परंपराएं

होली के इस उत्सव में सबसे ज्यादा कमी नगाड़ों की थाप की महसूस की जा रही है। पहले नगर के मोहल्लों और ग्रामीण अंचलों में एक महीना पहले ही नगाड़े बजने शुरू हो जाते थे, लेकिन इस बार गूंज काफी कम है।

नगाड़ों की बिक्री कम होने से ग्रामीण कारीगर निराश हैं। बुजुर्गों का कहना है कि आधुनिकता और मोबाइल के दौर में पारंपरिक नगाड़ों का उत्साह कम होता जा रहा है, जिससे त्योहार का पारंपरिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है।

# खाद्य विभाग ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दी दबिश

### महासमुंद, बागबाहरा एवं तुमगांव क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना जांच की कार्रवाई

**महासमुंद।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में होली पर्व के मद्देनजर मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान का विस्तार किया गया है। अभियान के तहत 28 फरवरी को महासमुंद, बागबाहरा एवं तुमगांव क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर निरीक्षण एवं नमूना जांच की कार्रवाई की गई। विभागीय टीम द्वारा तेंदूकोना स्थित विजय किराना स्टोर्स से बेसन एवं मैदा के विधिक नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वहीं महासमुंद के भवानी मिष्ठान से कलाकंद, सेव, बूंदी लड्डू एवं पेड़ा के नमूने निगरानी के आधार पर जांच के लिए प्रेषित किए गए। इसी क्रम में तुमगांव स्थित शिवा होटल से मैदा, पनीर, बूंदी एवं कलाकंद के सर्विलांस नमूने लिए गए, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, तुमगांव स्थित साईं होटल एवं ज्ञानी फैमिली ढाबा का भी सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालकों को साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। विभाग ने निर्देश दिए है कि त्योहारों के दौरान मिलावट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और आम जनता को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।




## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने सिंधी समाज ने दिया समर्थन

**रायपुर।** रायपुर में कानून-व्यवस्था और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर ने एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के मुताबिक, जयस्तंभ चौक पर किसी भी तरह का जुलूस या शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं होगी। इस पूरे इलाके को किसी भी कार्यक्रम और प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। रायपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर सिंधी समाज खड़ा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी-पुलिस कमिश्नर के आग्रह पर जयस्तंभ चौक पर होने वाली अनियमितताओं से बचने, रायपुर के जनसामान्य को होने वाली अव्यवस्थाओं से बचने की दिशा में इस वर्ष शोभायात्रा शारदा चौक से लाखेनगर को रवाना हो जाएगी। सिंधी समाज व्यवस्था बनाने के लिए सदैव समर्थन देता आया है। चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति, सिंधी समाज के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा की प्रशासनिक अनुमति मिलने पर सिंधी समाज में हर्ष व्याप्त है। प्रशासन ने पूर्व की भांति इस वर्ष आंशिक परिवर्तन कर यह अनुमति दी है। पूर्वानुसार शहर की सभी झांकियां लाखेनगर मैदान में एकत्रित होकर पुरानी बस्ती, कंकाली पारा, तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागर पारा, राठौर चौक, तेलघानी नाका, स्टेशन रोड गुरुद्वारा, संजय गांधी चौक, गुरुनानक चौक से एमजी रोड, पूर्व में जो स्वागत पंडाल जयस्तंभ चौक पर लगते थे, वे मंजू ममता होटल के आसपास शारदा चौक तक लगेंगे।

# बागबाहरा महाविद्यालय में लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रुसा 2.0 के अंतर्गत वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए एक दिवसीय लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के संरक्षक उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त डॉ. संतोष देवांगन रहे। कार्यक्रम की समन्वयक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज थीं। नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास मेश्राम (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा) तथा सह-समन्वयक डॉ. खिलावन पटेल (विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र) रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रमुख व्याख्यान आयोजित किए गए। प्रथम व्याख्यान 'हमारा अंतरिक्ष कैसा है?' विषय पर केंद्रित था, जिसमें विद्यार्थियों को ब्रह्मांड की उत्पत्ति, बिग बैंग सिद्धांत, आकाशगंगाओं, तारों, ग्रहों एवं ब्लैक होल की जानकारी सरल एवं रोचक शैली में प्रदान की गई। द्वितीय व्याख्यान छत्तीसगढ़ की जैव विविधता वन्यजीवों के विशेष संदर्भ में विषय




पर आधारित था, जिसमें राज्य की जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. शिव कुमार पांडेय ने कहा कि हम विज्ञान के युग में जी रहे हैं; प्रश्न करना ही विज्ञान का मूल है। नई पीढ़ी को विज्ञान के क्षेत्र में आकर्षित करना ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य है।

वन विभाग के अधिकारी कृष्णु चंद्राकर (एसडीओ), बलौदाबाजार-भाटापारा ने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण हमारा मुख्य दायित्व है। बंदरों का प्राकृतिक भोजन जंगलों में कम होने के कारण वे शहरों की ओर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाथी अत्यंत बुद्धिमान होता है और वर्षों पूर्व गुजरे मार्ग को भी याद रखता है। हाथी सामान्यतः बिना कारण मानव पर आक्रमण नहीं करता। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास मेश्राम ने अपने उद्बोधन में कहा कि अज्ञानता एक प्रकार का कलंक है तथा शिक्षा हमें जड़ता से दूर करती है। उन्होंने अग्नि की खोज से लेकर आधुनिक आविष्कारों तक की वैज्ञानिक यात्रा का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि महादेव कावरे, कमिश्नर, रायपुर संभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम और शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। अतः परिश्रम से कभी जी नहीं चुराना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा, विज्ञान गीत, अतिथि स्वागत एवं पुष्प-रोपण के साथ हुआ। व्याख्यान सत्रों के पश्चात प्रश्नोत्तर कार्यक्रम, समूहवार फीडबैक एवं प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. खिलावन पटेल ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड से लेकर हमारे आसपास की जैव विविधता तक इसका व्यापक विस्तार है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं शोध के प्रति रुचि विकसित करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त आयोजन समिति एवं महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नितिशा बजाज ने किया। इस अवसर पर एसजी रात्रे, एकता मक्कड़, गजानंद बुडेक, धनुर्जय साहू, पालन कुमार दीवान, विजय शर्मा, अतिथि व्याख्याता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बिष्णु मोहन पांडा ने महिमा रिलिजन एंड महिमा ट्रेल पुस्तक शिक्षा मंत्री को किया भेंट

**महासमुंद।** पंजाब नेशनल के पूर्व महाप्रबंधक एवं पूर्व सर्किल हेड (रायपुर सर्किल) बिष्णु मोहन पांडा द्वारा रचित नवीन पुस्तक "महिमा रिलिजन एंड महिमा ट्रेल" को भारत सरकार के शिक्षा मंत्री एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ससम्मान भेंट किया गया। इस अवसर पर पुस्तक की विषयवस्तु पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। यह पुस्तक महिमा धर्म की उत्पत्ति, उसके दार्शनिक आधार एवं सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालती है। विशेष रूप से इसमें ओडिसा राज्य में स्थित महिमा आश्रमों/तुंगियों का संक्षिप्त किंतु तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। महिमा धर्म का उद्भव ओडिशा से हुआ तथा समय के साथ यह अन्य राज्यों तक विस्तारित हुआ। महिमा धर्म जाति-प्रथा, मूर्ति-पूजा एवं कर्मकांड का विरोध करते हुए मानव कल्याण को सर्वोपरि मानता है। इसका मूल सिद्धांत "स्वार्थ से ऊपर मानवता" है, जो भारतीय आध्यात्मिक चिंतन को एक विशिष्ट दिशा प्रदान करता है। यह धर्म सामाजिक न्याय, समानता एवं समरस विश्व व्यवस्था के निर्माण के लिए सतत कार्यरत है। महिमा धर्म का मुख्यालय जोरण्डा, जिला ढेंकनाल में स्थित है। ओडिशा एवं आसपास के राज्यों में इस धर्म से संबंधित 2500 से अधिक आश्रम/तुंगियाँ स्थापित हैं, जो आध्यात्मिक चेतना एवं सामाजिक समरसता के केंद्र के रूप में कार्य कर रही हैं।



### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, 31 मरीजों की हुई जांच

**सरायपाली।** ग्रामीण क्षेत्र में आम नागरिकों को उनके घर के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पहल पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोड़ा में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल नायक एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय अग्रवाल द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं सहित कुल 31 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ उपचार संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए। शिविर के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोड़ा के समस्त कर्मचारियों की एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे द्वारा सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में शत-प्रतिशत गर्भवती पंजीयन, एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) का चिन्हांकन, यूवीन पोर्टल में प्रविष्टि तथा नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। यह स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ, जिससे स्थानीय नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सका।



### मिनी स्टेडियम में चंद्रोदय हॉकी कप का शुभारंभ

**महासमुंद।** जिला हॉकी संघ व खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय चन्द्रोदय हॉकी कप-2026 का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है। 28 फरवरी को शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। अध्यक्षता बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, विशिष्ठ अतिथि भाजप जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष राहुल चंद्राकर थे। मुख्य अतिथि विधायक सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन करने प्रेरित किया। बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का स्मरण करते हुए खिलाड़ियों को उनके खेल कौशल से सीख लेकर आगे बढ़ने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित कर कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है। खेल के माध्यम से खिलाड़ी अपना कॅरियर बना सकते हैं। राहुल चंद्राकर ने चंद्रोदय कप हॉकी स्पर्धा के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ी अपने खेल कौशल में उत्कृष्ट सुधार लाकर आगे बढ़ें, हमारा यही प्रयास है। प्रथम दिन 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे से महासमुंद और बलौदाबाजार टीम के बीच स्पर्धा शुरू हुई।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं पीतांबर बाघ के नेतृत्व में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां



शारदा की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वर्ण सिंह सलूजा (महाविद्यालय जन भागीदारी समिति सदस्य), रोशन चौहान (सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान) एवं पुरुषोत्तम प्रधान मंचासीन रहे।

प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन भारत के महान वैज्ञानिक सीवी रमन की एक महान खोज की याद में मनाया जाता है। 28 फरवरी 1928 को उन्होंने रमन प्रभाव की खोज की थी। उन्होंने ज्ञान एवं विज्ञान के पारस्परिक संबंधों पर प्रेरणाप्रद उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथि स्वर्ण सिंह सलूजा ने देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन एवं देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइलमैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्र नवनिर्माण में उनके योगदान के बारे में बताया। विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के उद्देश्य एवं रमन प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने, नवाचार एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता, मॉडल, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रासायनिक अभिक्रियाओं का प्रदर्शन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम संगीता केवर्त (एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र), द्वितीय साक्षी सामंत राय (एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र), पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आंचल साण्ड (एमएससी चतुर सेमेस्टर रसायन शास्त्र), द्वितीय मीणा प्रधान (एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र) रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भलेसर में वीबी जी राम जी कृषक जन चौपाल का आयोजन



**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम भलेसर में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा "वीबी जी राम जी कृषक जन चौपाल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष महासमुंद पीलेश्वर पटेल, सरपंच अरुण चंद्राकार, रोजगार सहायक राजू टांडी, पंचगण हरिचंद सिन्हा, सालिकराम सेन, मीना जगत, सोनी बाई जगत, प्रियंका सिन्हा, भोला सिन्हा, नरेंद्र यादव, महेंद्र सिंहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ग्रामीणजन करीम खान, भारत सिन्हा, धनुराम, शंकरलाल सिन्हा, शत्रुघन यादव, रेवती बाई, पांचों बाई, पान बाई, सोनबती, टेकेश्वर सहित पंचायत क्षेत्र के ग्रामवासी एवं हितग्राही बड़ी संख्या में शामिल हुए। पटेल ने अपने शब्दों में केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 100 दिनों के कार्य को बढ़ाकर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोंगेश पिंटू चंद्राकर ने अपने संबोधन में हितग्राहियों से सीधा संवाद करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसानों, मजदूरों और आमजन की हितैषी रही है। साथ ही कांग्रेस के कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों से सावधान रहने की अपील की।

## छिलपावन स्कूल में प्रयास मॉक टेस्ट का आयोजन, 287 बच्चे हुए शामिल

**झलप।** रविवार को मिडिल स्कूल छिलपावन में जिला स्तरीय प्रयास आवसीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन कौशलकिशोर सिन्हा व मनोज सेन के निर्देशन में किया गया। इस टेस्ट का उद्द्देश्य छात्रों को प्रयास परीक्षा से परिचय कराना, सही तरीक़े से ओएमआर भरवाना प्रयास व अन्य परीक्षाओ की तैयारी में बच्चों की अधिगम स्थिति की जानकारी लेना तथा उनको हो रही कठिनाइयों का गाइडलाइन प्रदान करना है। इस आंकलन के पश्चात बच्चों को शिक्षकों द्वारा गाइडलाइन दी गई। उक्त परीक्षा में कुल 287 बच्चे सम्मिलित हुए, जिसमें महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, रायपुर जिले के भी बच्चे टेस्ट में भाग लिए। दोपहर 12.15 को परीक्षा समाप्त होने के पश्चात विशेषज्ञ टीम द्वारा सभी बच्चों के ओएमआर शीट की जांच की गयी एवं जांच के समय ही छात्रों को अलग से कक्ष में बिठाकर प्रयास परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। कार्यक्रम



को सफल बनाने में छिलपावन स्कूल के समस्त स्टॉफ किरण साहू, यमुना पटेल, नीतिनराज श्रीवास्तव व पीतेश्वर ध्रुव, वेदप्रकाश पटेल, लुकेश ध्रुव, भूषण साहू, गणेश ध्रुव, राजेश साहू, मनीषा ठाकुर, सीमा जोशी, हेमंत ध्रुव, सुभद्रा भोई का सहयोग रहा। विशेष सहयोग तुरेगा समन्वयक शाहिद खान और करनापाली के वीरेंद्र कर का रहा। परीक्षा को सफल बनाने में ग्राम पंचायत छिलपावन सरपंच राधेश्याम पटेल सहयोग प्राप्त हुआ। परीक्षा में शामिल सभी बच्चों को अंटू सलूजा द्वारा बिस्किट वितरण किया गया।

## किसानों को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने भाजपा सरकार प्रतिबद्ध

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा होली से



पूर्व धान बोनस की एकमुश्त राशि किसानों के खातों में अंतरित किए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदेश के किसानों के खातों में स्थानांतरित की गई है, इस आंकड़े में हमारे महासमुंद जिले के 1 लाख 49 हजार 759 किसान भी शामिल हैं, जिन्हें 735 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार न केवल धान की खरीदी करती है, बल्कि किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उनके सम्मान की रक्षा करना भी अपना दायित्व मानती है। होली से पहले किसानों को एकमुश्त राशि प्राप्त होने से त्योहार की खुशियां बढ़ेंगी तथा आगामी कृषि कार्यों एवं अन्य आवश्यक कार्यों में आर्थिक सहयोग मिलेगा। संकल्प पत्र में किए गए वादों के अनुरूप राज्य सरकार ने प्रदेश भर के लगभग 25 लाख 24 हजार किसानों के खातों में 10,332 करोड़ रुपये की राशि कृषक उन्नति योजना के माध्यम से हस्तांतरित की है। किसानों को भुगतान कर साय सरकार ने यह संदेश दिया है, कि सुशासन की सरकार किसानों के हक व अधिकार की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। देवेंद्र ने कहा कि बीते दो वर्षों में इस योजना के तहत 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है, जो अब बढ़कर 35 हजार करोड़ रुपये हो गया है। यह निर्णय किसानों के सम्मान, आत्मनिर्भरता और समृद्धि के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/373/तह./वाचक/ 2026
बागबाहरा, दिनांक 24/02/2025-26
रा.मा.क्र.... ब/ 121, वर्ष 2025-26
ग्राम बांदुमुड़ा पहनं 07 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधरण जनता ग्राम बांदुमुड़ा पहनं 07 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेशराम पिता मनराखन साहू जाति तेली निवासी ग्राम बांदुमुड़ा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री चित्रकला साहू जाति तेली की जन्म दिनांक 3.8.1999 को हो गई। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 10/03/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार बागबाहरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/374/तह./वाचक/ 2026
बागबाहरा, दिनांक 24/02/2025-26
रा.मा.क्र.... ब/ 121, वर्ष 2025-26
ग्राम बांदुमुड़ा पहनं 07 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधरण जनता ग्राम बांदुमुड़ा पहनं 07 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेशराम पिता मनराखन साहू जाति तेली निवासी ग्राम बांदुमुड़ा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री ताकेश्वरी साहू जाति तेली की जन्म दिनांक 1.8.2002 को हो गई। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 10/03/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार बागबाहरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/372/तह./वाचक/ 2026
बागबाहरा, दिनांक 24/02/2025-26
रा.मा.क्र.... ब/ 121, वर्ष 2025-26
ग्राम बांदुमुड़ा पहनं 07 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधरण जनता ग्राम बांदुमुड़ा पहनं 07 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेशराम पिता मनराखन साहू जाति तेली निवासी ग्राम बांदुमुड़ा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री राशी साहू जाति तेली की जन्म दिनांक 1.1.2001 को हो गई। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 10/03/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार बागबाहरा (छ.ग.)

## प्रदेश सरकार किसानों को अंतर राशि देकर होली को बनाया यादगार: सांसद

**सरायपाली।** किसानों की उन्नति और समृद्धि को समर्पित ऐतिहासिक अवसर पर कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन में जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा जिला मंत्री कुमारी भास्कर शामिल हुई। इस अवसर पर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आदान सहायता राशि का वितरण किया गया।



किसानों के उत्साह और विश्वास ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रदेश सरकार कृषि विकास और किसान कल्याण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25 लाख से अधिक किसानों को 10, 000 करोड़ की अंतर राशि देकर उनकी होली को यादगार बना दिया है। छत्तीसगढ़ का हर किसान आज गर्व महसूस कर रहा है। किसान समृद्ध होगा तो गांव समृद्ध होगा, और गांव समृद्ध होगा तो प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, लक्ष्मी पटेल, पूर्व विधायकगण, सभी मंडल के अध्यक्षगण, मंडल उपाध्यक्षगण, मंडल महामंत्रीगण, सभी शक्ति केंद्र प्रभारीगण, सभी बूथ अध्यक्षगण एवं जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारीगण एवं अधिकारी कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### बिरकोनी में 2 को होलिका दहन, 4 को खेली जाएगी होली

**बिरकोनी।** बिरकोनी में इस वर्ष भद्राकाल और चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन और रंगों की होली के समय प्रभावित हुआ है। रामजानकी मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि भद्रा की वजह से होलिका दहन और रंगों की होली के बीच एक दिन अंतर रहेगा। दो मार्च सोमवार को रात्रि 1.30 से 2.50 तक होलिका दहन किया जाएगा। तीन मार्च मंगलवार को सूतक 9.7 मिनट से, चंद्रग्रहण शाम 6.7 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट में मोक्ष होगा। 4 मार्च बुधवार को चैत्र कृष्ण प्रतिपदा के सूर्योदय के बाद ही रंगोत्सव मनाया जाएगा।

### बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 8 से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 8 मार्च से 15 मार्च तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन पटेल परिवार द्वारा किया जाएगा। कथावाचक पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज रामजानकी मंदिर बिरकोनी वाले यज्ञाचार्य पंडित देवेंद्र महाराज ब्रम्हचर्य विद्यापीठ राजिम व परायण कर्ता खिलेश शर्मा राजिम प्रयाग वाले करेंगे। 8 को जल यात्रा, देवप्रतिष्ठा, गौकर्ण पूजा एवं कथा प्रारंभ, 9 को राजा प्ररिक्षित जन्म, कपिल देव एवं ध्रुव चरित्र, 10 को गजेंद्र मोक्ष, भगवान नरसिंग नाथ अवतार, 11 को वामन अवतार, राम कृष्ण अवतार, 12 को कृष्ण जन्म एवं बाल लीला व रूखमणि मंगल विवाह, 13 को सुदामा चरित्र, 14 को परीक्षित मोक्ष, तुलसीवर्षा शोभायात्रा, 15 को भागवत गीता प्रवचन, यज्ञ का पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से सांध्य तक होगा। आयोजक रामप्रसाद पटेल, रामसिंग पटेल कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं और सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का आनन्द लेने की अपील की हैं। उक्त जानकारी बलराम पटेल ने दी।



### मेंशन मजदूर संघ की बैठक में कार्यों की नई दर का किया निर्धारण

**महासमुंद।** मेंशन मजदूर संघ तुमगांव शाखा की प्रतिमाह होने वाली मासिक बैठक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर की अध्यक्षता में 1 मार्च को हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और सदस्यों के बीच आपसी सहमति से क्षेत्र में चल रहे कार्यों की नई दर का निर्धारण सर्वसम्मति से किया गया। संघ द्वारा निर्धारित कार्यदर के अनुसार ही सभी पेटी ठेकेदारों से कार्य करने की अपील करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, उपाध्यक्ष तिलक बंजारे, सचिव भोजराम सिन्हा ने कहा कि कार्यदर में समानता होने से किसी भी प्रकार के काम के लिए कोई वाद विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी। सभी को कार्य में गुणवत्ता के साथ मजदूरों के भुगतान के प्रति सजग रहना होगा। मजदूर संघ सबके हित के लिए समर्पित संस्था है।

# सुनसुनिया टाउन हॉल में हुआ स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय टाउन हॉल में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक की सभी मितानिन, ग्राम स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा, जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान तथा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। उनके आगमन पर अतिथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, गिरीश पटेल, मंगलु माझी, जनपद सभापति भूमिका, रामजीलाल सिन्हा, दुर्गेश यादव, मुबारक अली खान, तेंदूकोना सरपंच देवंतीन दीवान, बीएमओ डॉक्टर बीएस बाड़ई, डॉक्टर अनिकेतन चौधरी, डॉक्टर सोनकर, पार्षद सविता दीवान कुमारी, स्वास्थ्य पंचायत समिति जिला संयोजक जागृति बरेठा, ब्लॉक स्वास्थ्य पंचायत समिति जनक नायक, प्रेमलता पटेल, कान्ति सिन्हा, तुलसी बरीहा, रुक्मणी साहू, अश्विनी देवांगन, जमीनत्रा चंद्राकर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।




सम्मेलन में मितानिनों एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति के सदस्यों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याएं, सुझाव एवं अनुभव साझा किए। जनसंवाद के दौरान टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा हुई। वहीं अपने उद्बोधन में जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि गांव की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में मितानिनों और ग्राम स्वास्थ्य समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं तभी सफल होंगी जब जमीनी स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से आह्वान किया कि प्रत्येक गांव में नियमित स्वास्थ्य बैठक आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाए। विशेष रूप से गर्भवती माताओं, नवजात शिशुओं एवं बच्चों के टीकाकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन ने स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया।

## चर्चा : भंवरपुर पुलिस चौकी परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# सौहार्द-सुरक्षा के साथ मनेगा रंगों का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

होली त्योहार को लेकर पुलिस चौकी भंवरपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता टीआई राणा सिंह ठाकुर ने की। जिसमें स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, समाजसेवी और विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस प्रशासन ने त्यौहार के दौरान शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अराजकता से बचने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। चौकी प्रभारी ने कहा, होली रंगों का त्यौहार है, इसे खुशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए। हम सभी को एक-दूसरे के सम्मान के साथ इस पर्व को मनाना चाहिए। समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि इस बार विशेष ध्यान रखा जाएगा कि सार्वजनिक स्थानों पर कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके अलावा, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने भी विशेष कदम उठाने की बात की गई। पुलिस प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और सार्वजनिक स्थलों पर असमाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी।



समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्थानीय निवासियों को त्योहार के दौरान रंगों के प्रयोग में सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस बैठक के माध्यम से पुलिस प्रशासन और स्थानीय समाज के बीच बेहतर तालमेल का संदेश दिया गया और उम्मीद जताई गई कि इस बार होली त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्र तरीके से मनाया जाएगा।

### साइबर फ्रॉड से बचने की अपील

त्योहारों के सीजन में बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रभारी ने नागरिकों को जागरूक रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जालसाज त्यौहारों के नाम पर फर्जी 'कैशबैक ऑफर', 'गिफ्ट कूपन' या 'फ्री रिचार्ज' के लिंक भेजकर बैंक खाते साफ कर सकते हैं। इन सब में सावधानी बरतने किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करें।

### हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

चौकी प्रभारी ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग मचाने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी। इस दौरान चौकी प्रभारी राणा सिंह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, स्थानीय पत्रकार एवं व्यापारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बैठक की मुख्य बातें, डीजे पर नियंत्रण

निर्धारित समय और ध्वनि सीमा के भीतर ही संगीत बजाने की अनुमति होगी। बता दें कि पत्रकारों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने गांव-गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का साथ देने का संकल्प लिया।

# खल्लारी विधायक ने किया सामाजिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज खल्लारी परिक्षेत्र के सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भवन बनने से सामाजिक गतिविधियों सहित अन्य आयोजनों में सहूलियत हो सकेगी। छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज खल्लारी परिक्षेत्र द्वारा भीमखोज खल्लारी में सामाजिक भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, एडिशन ठाकुर, सीमा देवानंद निर्मलकर, मोनू साहू, कमल निर्मलकर मौजूद थे। पूजा अर्चना बाद मुख्य अतिथि विधायक यादव ने सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भवन बनने से सामाजिक गतिविधियों के साथ ही विभिन्न आयोजनों में सहुलियत होगी। यह भवन समाज की एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गतिविधियों का सशक्त केंद्र बनेगा। ऐसे प्रयास समाज को संगठित, सशक्त और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर जीवराखन निर्मलकर, पंचू निर्मलकर, करन सिंह निर्मलकर, सोनसाय निर्मलकर, पन्ना निर्मलकर, आसकरण निर्मलकर, छबिराम निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, कुशल निर्मलकर, मुकेश निर्मलकर, गंगाराम निर्मलकर, मोहनलाल निर्मलकर, देवानंद निर्मलकर, भारत निर्मलकर, कमल निर्मलकर, रामखिलावन आदि मौजूद रहे।



# पिथौरा में ब्राह्मण समाज भवन पर अतिक्रमण का मामला, गृह मंत्री को सौंपा आवेदन



**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा को पिथौरा ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने समाज भवन पर कथित अतिक्रमण की शिकायत सौंपते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में समाज के प्रमुख अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रियांशु दीक्षित, राजा शुक्ला, राज उपाध्याय एवं कोमल चौबे ने बताया कि ब्राह्मण समाज के भवन पर एक महिला द्वारा अतिक्रमण किए जाने का आरोप है। उन्होंने कहा कि जब भी समाज के सदस्य अतिक्रमण हटाने की बात करने जाते हैं, तो उन्हें कथित रूप से अभद्र व्यवहार और झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दी जाती है, जिससे समाज में आक्रोश का वातावरण है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए गृहमंत्री ने तहसीलदार पिथौरा को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# तेंदूकोना स्कूल में कराया गया नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विकासखंड बागबाहरा के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला तेंदूकोना की शिक्षिका आशा देवांगन द्वारा अपनी पुत्री ईशा देवांगन के जन्मदिन पर 25 फरवरी को प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला में कक्षा छठवीं में अध्यनरत एक अन्य बालिका फलेश्वरी देवांगन का भी उसी दिन जन्म दिवस होने पर दोनों बच्चों द्वारा केक कटवाकर साथ में जन्मदिन मनाया गया। इसके पूर्व भी फागेश्वरी साहू द्वारा उनके पुत्र के जन्मदिन पर पिछले तीन सालों से शाला में नेवता भोज का आयोजन कराया जा रहा है। नेवता भोज में सर्वप्रथम बच्चों को चॉकलेट बांटकर उनका मुंह मीठा कराया गया। पश्चात बच्चों को पूड़ी, बड़ा, चावल, दाल, गोभी मटर की सब्जी, टमाटर चटनी, पापड़, सलाद, जलेबी एवं केला परोसा गया।



इस आयोजन में ग्राम तेंदूकोना की सरपंच देवंतनीन दीवान, सचिव पटेल, संकुल समन्वयक रामचरण ध्रुव, प्रिंसिपल हायर सेकंडरी विद्यालय आरएनप्रधान, प्रभारी प्रधान पाठक कन्या एम/एस तेंदूकोना अंजोर सिंह बरिहा, श्याम कुमार दीवान, फागेश्वरी साहू, मनोज ध्रुवंशी, कोमल प्रसाद ध्रुवंशी, ममता तिवारी, सीके साहू, रजनी साहू, पूनाराम दीवान, मोतीन दीवान, युगल किशोर साहू, गजेंद्र फूटान, विमला सिन्हा, कांति नेताम, नेपाल सिन्हा, परवीन भारद्वाज, चंद्र कुमारी साहू, सुषमा देवांगन, मानसी अग्रवाल, डेमन दीवान, हिमांशु नाग, बेनीराम चक्रधारी, चेतन दीवान, छबिराम पटेल, देव कुमार साहू, लुभान दीवान, मोहन पटेल, ईश्वरलाल साहू, कमला सोनी, खगेश्वर पटेल, कृष्ण कुमार पांडे, महेंद्र दीवान, सेवक राम दीवान आदि शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए। इनके अतिरिक्त गंगाराम साहू सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक, बिरझा बरिहा, शिक्षिका दीवान, डगेश्वर दीवान (स्वीपर), रसोईया शांति यादव, गणेशी, सविता मानिकपुरी, आंगनबाड़ी सहायिका आदि शामिल रहे। महिला स्वसहायता समूह द्वारा भोजन निर्माण में सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में आशा देवांगन की पुत्री खुशी देवांगन एवं पति धनंजय देवांगन भी उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा एवं त्रिदिवसीय मेला महोत्सव में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जय मां बुंदेलहीन पाठ मंदिर समिति द्वारा बुंदेली में आयोजित कलश यात्रा एवं त्रिदिवसीय मेला महोत्सव कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, आस्था और परंपराओं को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।



इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक विमल दास महंत, गणपत निषाद, हीराधर साहू, धनीराम सिदार, नरेश सिन्हा (पूर्व अध्यक्ष), पूनम मानिकपुरी, शेखर सिन्हा, विष्णु सिन्हा, जनपद सदस्य जयंती सिदार, सरपंच रवि निषाद, सरपंच मनोज सिन्हा, अध्यक्ष घनश्याम साहू, किशोर सोनवानी, महाराज नरेश पाठक, सतीश शर्मा, लक्ष्मण डडसेना, कमलप्रीत छाबड़ा, टेकलाल डडसेना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### आईबी प्रोटीन डे पर जागरुकता कार्यक्रम, संतुलित आहार में प्रोटीन की होती है महत्वपूर्ण भूमिका

**बसना।** आईबी प्रोटीन डे पर क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रोटीन के महत्व के प्रति जागरूक करना और कुपोषण से मुक्ति की दिशा में सकारात्मक पहल करना था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि संतुलित आहार में प्रोटीन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, महिलाओं की सेहत तथा पुरुषों की कार्यक्षमता बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन का सेवन आवश्यक है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आईबी ग्रुप द्वारा देशभर में अभियान चलाया जा रहा है।

### चंद्रग्रहण के मध्य होली त्योहार




**तेंदूकोना।** 2 मार्च फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि में रात्रिकालीन 1:26 से रात्रि 2:38 तक होलिका दहन होगा। तदुपरांत 3 मार्च का इस साल आंग्ल वर्ष के अनुसार पहला चंद्र ग्रहण होगा, जो भारतवर्ष में प्रत्यक्ष दृश्य मान होगा, जिसका सूतक काल प्रातः 9:07 से प्रारंभ हो जाएगा। ग्रहण का स्पर्श शाम 6:07 को होगा और ग्रहण मोक्ष शाम 6:45 को होगा। इस बार चंद्र ग्रहण का संयोग होलाष्टक के समापन और होलिका दहन के आसपास बन रहा है। इसलिए इसका धार्मिक असर भी पूरे देश में मान्य रहेगा। शास्त्रों के मुताबिक चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले लग जाता है। भारत के कई हिस्सों में ग्रहण दिखाई देगा कुछ शहरों में यह चंद्र मिनट के लिए नजर आएगा, भले ही दृश्यता कम हो लेकिन सूतक के नियम पूरे देश में मान्य होंगे सूतक लगते ही मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इस दौरान पूजा पाठ मूर्ति स्पर्श और भोजन पकाना व खाना वर्जित माना जाता है। हालांकि, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को शास्त्रों में कुछ छूट दी गई है, वह बसंत उत्सव रंग पर्व 4 मार्च बुधवार को मनाया जाएगा। पंडित भागीरथी दुबे (तेंदूकोना) और ग्राम पुरोहित पंडित कैलाश दुबे (लमकेनी) ने बताया कि सूतक काल में पूजा पाठ और मूर्ति स्पर्श न करें, मंदिर के पट ना खोले, बाल नाखून वह पेड़ पौधों को न काटे। पका हुआ खाना ना खाए, गर्भवती महिलाएं को ग्रहण के दर्शन व छाया से बचना चाहिए।

# किसान कल्याण के प्रति समर्पित साय सरकार का संवेदनशील प्रयासः निधि



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के हित में एक बार फिर ऐतिहासिक पहल की है। प्रदेश के लाखों किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित वृहद किसान सम्मेलन में सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के खातों में अब तक 1.50 लाख करोड़ से अधिक राशि अंतरित की जा चुकी है। इसी क्रम में राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना के तहत सभी 146 विकासखंडों में आदान सहायता राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत 25.28 लाख किसानों को कुल 10, 324 करोड़ की सहायता राशि उनके खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर किसान को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार लगातार नवाचार कर रही है, जिससे खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित किया जा सके। राज्य के कृषि बजट 2026-27 में किसानों की आय वृद्धि के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। 600 करोड़ दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मज़दूर कल्याण योजना, 5, 500 करोड़ विद्युत पंपों के लिए बिजली सब्सिडी, 820 करोड़ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, 250 करोड़ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान, 170 करोड़ उद्यानिकी विश्वविद्यालय, 170 करोड़ एकीकृत वाटर शेड प्रबंधन कार्यक्रम, 150 करोड़ एकीकृत बागवानी विकास मिशन। इन योजनाओं से किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ तो मिलेगा।

